**Patrika (Indore), 08th September 2025, Page-02**

## इंटरनेशनल कॉलेजिएट प्रोग्रामिंग कॉन्टेस्ट: वर्ल्ड फाइनल्स के लिए किया क्वालिफाई

# 'ओलंपिक' में IIT इंदौर की टीम ने मारी बाजी

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** आइआइटी इंदौर की प्रोग्रामिंग टीम '404 सॉल्यूशन नॉट फाइंड' ने इंटरनेशनल कॉलेजिएट प्रोग्रामिंग कॉन्टेस्ट (आइसीपीसी) में शानदार प्रदर्शन किया है। इसे प्रोग्रामिंग की दुनिया का 'ओलंपिक' कहा जाता है। टीम के सदस्य पी. वेंकट शेखर, नरेन कुमार साई और निष्कर्ष लूथरा ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच भारतीय संस्थानों में दूसरा स्थान, एशिया-पश्चिम क्षेत्र में तीसरा स्थान और विश्व स्तर पर 72वां स्थान प्राप्त किया है।

छह कठिन समस्याओं को हल कर आइआइटी इंदौर की टीम ने कई नामी संस्थानों को पीछे छोड़ दिया। इनमें आइआइटी कानपुर (91वां), आइआइटी दिल्ली (97वां), आइआइटी रुड़की (98वां), आइआइटी बॉम्बे (103वां), आइआइटी खड़गपुर (109वां) और आइआइटी बीएचयू (117वां) शामिल हैं। भारतीय संस्थानों में केवल चेन्नई मैथमेटिकल इंस्टीट्यूट (60वां स्थान) उनसे आगे रहा।



अमृतपुरी और कानपुर रीजनल राउंड में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम ने आइसीपीसी एशिया वेस्ट रीजनल 2025 में 9वां स्थान हासिल कर आइसीपीसी वर्ल्ड फाइनल्स 2025 के लिए क्वालिफाई किया है। वर्ल्ड फाइनल्स का आयोजन 31 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक बाकू (अजरबैजान) में हुआ।

**हमारे लिए गर्व की बात :** आइआइटी इंदौर के जनसंपर्क अधिकारी सुनील कुमार (सेवानिवृत्त कमांडर) ने इस सफलता पर कहा, हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी प्रतिभा, मेहनत और संस्थान के सहयोगी शैक्षणिक माहौल को दर्शाती है। वे वैश्विक मंच पर देश और आइआइटी इंदौर का नाम चमका रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है।